कस्बे सहित हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल

ट्रैफिककर्मियों की भी कमी, आखिर कैसे मिलेगी जाम से मुक्ति ?

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र तक अब जाम लगना आम बात हो गई है। जयपुर, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश भोपाल, छत्तीसगढ़ झुंझुनू, चूरू बीकानेर सहित सभी रास्तों से शेखावाटी के धार्मिक स्थलों पर लोग आ रहे हैं या फिर यह कहा जाए की अपने आराध्य के दर्शन के लिए शेखावाटी का धार्मिक पर्यटन अभी पूरी तरह गुलजार है, जिसमें सबसे बड़ी श्रद्धालुओं की संख्या खाटू श्याम जी एवं सालासर आने वाले भक्तों की है, इसके बाद में जीण माता, सती दादी मां एवं रींगस वाले भैरू बाबा के दरबार में लोग अपनी मनौतिया लेकर के पहुंचते हैं, शनिवार, रविवार एकादशी, द्वादशी एवं छुट्टी का कोई भी दिन हो अब भारी भीड़ इन स्थानों पर देखी जा सकती है

इसके चलते 50 किलोमीटर के क्षेत्र में अनेकों बार जाम लगता हैं।

रींगस कस्बे में तो इन सभी दिनों में पूरी तरह से जाम हो जाता है फिर चाहे वह कस्बे का अस्पताल चौराहा , मिल तिराहा या फिर भेरुजी मोड़ या आसपास का इलाका 2 से 3 घंटे का जाम लगना आम बात हो गई है खाटू श्याम जी रोड पर भी अधिकतर समय जाम की स्थिति बनी रहती है ऐसे में सरकार जब तक इस धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाएगी तब तक नहीं लगता है कि आमजन और आने वाले श्रद्धालुओं को इस जाम की स्थिति से राहत मिलने वाली है। खासतौर से रींगस का आमजन सबसे ज्यादा प्रभावित और परेशान होता है अस्पताल में जाने तक के लिए कई बार बहुत ज्यादा समय लगता है और तो और एंबुलेंस का निकलना भी मुश्किल हो जाता है वहीं पर रेलवे स्टेशन के बाहर के हालात और भी खराब हो रहे हैं श्याम श्रद्धालुओं के भीड़ के साथ-साथ यहां के सवारी गाड़ियों एवं अवैध वाहन चालकों की भी भारी भीड़ रहती है जिसमें आम जनता का रेलवे स्टेशन पर पहुंचना और वहां से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है, वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन भी इसी स्टेशन एरिया पर होने के कारण बच्चों का निकलना दूभर हो जाता है।

साथ ही आए दिन श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों में भी बढ़ती भीड़ के कारण झड़प होती रहती है जो किसी दिन विकराल रूप भी ले सकती है, पुलिस व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है और ना ही ट्रैफिक कर्मचारी पर्याप्त संख्या में है ऐसे में कोई करे भी तो क्या करें। नेशनल हाईवे 52 पर भी अधिकतर समय जाम देखा जा सकता है।

प्रवासियों ने विधि-विधान से कुलदेवी की प्राण-प्रतिष्ठा

जेके ग्रुप ने कुलदेवी मन्दिर का किया लोकार्पण

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। फतेहपुर कस्बे के सिघांनिया चौक मे बुधवार को सिघांनिया पचांयत भवन के सामने सिघांनियां वंश की कुलदेवी श्री लामीसामर माता माईजी और कुलशक्ति डेडल दादीजी का नव निर्मित मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे देशभर से प्रवासीयों ने शिरकत की। सुबह पुराने मन्दिर से गाजे बाजे के साथ माता की प्रतिमा को नाचते गाते पूरे रास्ते मे गुलाब के फूलों को बिछाकर नवनिर्मित मन्दिर मे ले जाया गया। जंहा आचार्य विष्णु इन्दौरिया के सानिध्य मे विद्वान पंडितों के सानिध्य मे विशेष पूजा अर्चना हुई। माता का दुध, शहद, इत्र सहित अन्य से अभिषेक कर माता को मंड मे विराजमान किया गया। सिघांनिया परिवार द्वारा हवन यज्ञ, रात्रि जागरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जयप्रकाश सिघांनिया कटक ने बताया कि डॉ निधिपति सिघांनिया जे.के. ग्रुप,जे.के ग्रुप एमडी रघुपति सिघांनिया, आरसीए के पूर्व सचिव सुभाष जोशी, अन्य सिघांनिया परिवार ने लोकार्पण किया। इस दौरान हरिश सिघांनिया कोलकत्ता, सन्दीप सिघांनिया मुम्बई, उमेश सिघांनिया मुम्बई, आशिष पांडे, सत्यवीर सिंह, परमेश्वर नागौरी सहित देशभर से सिघांनिया परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

करियर जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। शेखावाटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर एवं भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में करियर जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। वाणिज्य व प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ निशा पुनियां व सूर्यप्रकाश शर्मा ने बताया की वाणिज्य और प्रबंधन विषय पर वर्तमान में चुनौतियों एवं रोजगार के अवसर विषय पर आयोजित कार्यशाला में सभी विद्यार्थियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य संकाय के छात्रों को करियर विकल्प की जानकारी प्रदान की गयी। विभाग की और से सहायक आचार्य रोशन सैनी, नेहा शर्मा ने भी भाग लिया एवं कॉलेज प्राचार्य सुरजीत कुमार ने विश्वविद्यालय व भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान कार्यशाला कमेटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

स्कूली बच्चों को उनी वस्त्रों का किया वितरण

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। सूकुन भरी सर्दी, हाड़ कंपाती ठंड में कोई विद्यार्थी ठिठुरने न पाए महावीर इंटरनेशनल द्वारा उपरोक्त परिकल्पना के तहत प्रति वर्ष की निरंतरता में ग्रामीण पहाड़ी एवं आदिवासी विद्यालयों के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों को हाड़ कपाती ठंड में सुकून प्रदान करने के उद्देश्य से स्वेटर एवं फुटवियर वितरण प्रकल्प लेना तय किया। इस प्रकल्प के तहत बुधवार को उप्रावि घाघसा एवं ठुकरावा में उनी वस्त्र वितरण किये गये। जहां पर क्रमश 63 एवं 42 बच्चों को स्वेटर एवं फुटवियर का वितरण सी एम बोकड़िया, शारदा बोकड़िया के सौजन्य से प्रधानाध्यापिका निर्मला मिश्रा, रतन लाल सालवी एवं स्टाफ की उपस्थिति में किए गए। स्वेटर एवं फुटवियर मिलने के पश्चात विद्यार्थियों के चेहरो पर प्रसन्नता झलक उठी। इस अवसर पर सी पी जैन, अभय संजेती, गौरव बोकड़िया, बसंती लाल मेहता ने अपनी सेवाएं दी। इसी कड़ी में महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र द्वारा उप्रावि सेमलपुरा ग्राम में स्वेटर, फुटवियर एवं खेल सामग्री 50 बच्चों में वितरित किए गए जिसका सौजन्य कमलेश एवं सीमा सिंघवी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका शारदा शर्मा, सुनील सेठिया एवं समस्त विद्यालय, पंकज उपाध्याय, लोकेश डांगी, राजेश भड़कत्या, प्रदीप बोहरा, विजय मालू एंव सेमलपुरा ग्राम वासियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर देवीलाल धाकड़, प्रहलाद साहू, निर्भय राम धाकड़, श्यामलाल धाकड़, कालूराम साहू, भरत धाकड़, हस्तीमल धाकड़, कमलेश धाकड़, दिनेश सेन, प्रहलाद वैष्णव, भगवान धाकड़, रमेश धाकड़ एवं कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

सर्दी में स्वेटर का उपहार पाकर खिले चेहरे : राउमावि सामरी के 106 विद्यार्थियों के चेहरे एकाएक खिल उठे जब उन्हें इस कड़ाके की ठण्ड में स्वेटर जैसा उपहार मिला। शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों में इन दिनों दानदाताओं द्वारा स्वेटर-जर्सी के वितरण किये जा रहे है। उसी क्रम में सामरी स्कूल के दो दर्ज़न कार्मिकों ने सामूहिक रूप से अपने ही विद्यालय की पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण बुधवार को किया। प्राचार्य अय्यूब खान ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सेवा वह है जो प्रतिफल की इच्छा के बगैर की जाए। समारोह का संचालन प्राध्यापिका डॉ. श्वेता मेहरा ने किया। हकीम बैग मिर्ज़ा और जगदीश चन्द्र भट्ट के प्रस्ताव पर सभी स्टाफ साथियों ने बच्चों को अपने हाथों से स्वेटर वितरित किये। इस अवसर पर ममता मीणा, किशन लाल कुम्हार, पार्वती उपाध्याय, कन्हैया लाल यादव, सविता तोलंबिया, गंगा गोस्वामी, सुमन खोईवाल, कुलदीप मीणा, शालू बैरवा, दशरथ सिंह शक्तावत, राधेश्याम मूंदड़ा मौजूद थे।

संस्कृत विद्यालयों में पद आवंटन की मांग, सरकार को लिखा पत्र

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने पिछले वर्ष क्रमोन्नत हुए प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में नियमानुसार पद आवंटन के साथ ही प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में नियम विरुद्ध आवंटित पदों की समीक्षा करवाकर पुन: नियमानुसार पद आवंटन करवाने की मांग करते हुए सरकार को पत्र लिखा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि पिछले वर्ष उच्च प्राथमिक व वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत हुए विद्यालयों में अब तक नियमानुसार पद आवंटित नहीं होने से प्रदेश के शिक्षकों एवं अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में नियम विरुद्ध एवं मनमर्जी से अपने चहेतों को लाभ देने के लिए किए गए गलत पद आवंटन की समीक्षा करवाकर पुन: सभी विद्यालयों में नियमानुसार पद आवंटित करने व गलत तरीके से पद आवंटन के पीछे के कारणों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर जिम्मेदारी तय कर समुचित कार्यवाही करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री संस्कृत शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम पत्र प्रेषित किया है।

तिवाड़ी ने जानकारी दी कि पद आवंटन में इस कदर मनमर्जी है कि 2012 में वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत पीएम श्री जैसी महत्वपूर्ण योजना में चयनित विभाग की एकमात्र संस्था शेखसर वास खोड़ाला बीकानेर को अबतक प्रधानाचार्य का पद आवंटित नहीं हुआ है। पत्र में यह भी मांग की गई है कि एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करवा कर प्रदेश के सभी विद्यालयों में आवंटित पदों की समीक्षा करवाई जाकर सभी में नियमानुसार अविलम्ब प्राथमिकता से पद आवंटित करवाए जाएं ताकि विद्यालयों में नामांकन वृद्धि के साथ ही गलत पद आवंटन से हुई अव्यवस्था समाप्त हो सके। प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि पत्र की प्रति शासन सचिव संस्कृत शिक्षा एवं आयुक्त निदेशालय संस्कृत शिक्षा को भी प्रेषित की गई है।

पम्पलेटस बांटकर परियोजनाओं की दी जानकारी

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन में एवं रूडिप के अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी व रामेश्वर जाट पुरानी धानमंडी के आसपास के क्षेत्र कुचामन में आरयूआईडीपी परियोजना के तहत कराये जा रहे सीवरेज एवं जल प्रदाय कार्य से होने वाले लाभों के बारे में पम्पलेट्स वितरण के साथ परियोजना से होने वाले लाभों की जानकारी देकर आमजन को किया जागरूक साथ ही परियोजना से संबधित सुझाव एवं शिकायत के लिए टोल फ्री नंम्बर 18001219400 एवं हेल्पलाईन नम्बर 8696000263 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने सीवरेज लाईन डालने का कार्य प्रगति पर है जिसमें आमजन को सीवर कार्य के दौरान कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आगामी सीवर प्रणाली से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया कि सीवर प्रणाली के अन्दर शौचालय, स्नानघर एवं रसोई का पानी जायेगा बरसात का पानी सीवर के अन्दर नहीं जायेगा नालियों में बहने वाली गन्दगी, बदबू, सड़न से निजात मिलेगी शहर साफ सुथरा सुन्दर स्वच्छ बनेगा साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में बताया साथ ही परियोजना कार्यों में सकारात्मक सहयोग की अपील की।

साथ ही कैप के सविता शर्मा ने बताया कि शहर में नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी दी साथ ही स्थानीय आमजन को बताया कि नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ व मीटरयुक्त मिलेगा साथ ही परियोजना कार्यों में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और आमजन से अपील की कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें, आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल ही जीवन है। स्थानीय संवेदक एल एण्ड टी के एसओटी किशन सिंह, आमजन से अपील की कार्य के दौरान आप सावधानी रखें तथा अपने छोटे बच्चों को कार्य के दौरान पास में नहीं जाने दें।

रींगस सीएचसी में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए शिविर आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। चिकित्सा विभाग की ओर से बुधवार कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जयपुर से आई मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन की टीम ने रोगियों की कैंसर की स्क्रीनिंग की।

साथ ही लोगों को कैंसर से बचाव, लक्षण व उपचार की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत जिले में लोगों की कैंसर संबंधी स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन निदेशालय स्तर से जयपुर के कैंसर विशेषज्ञों की टीम भी शिविर का आयोजन कर स्क्रीनिंग का कार्य कर रही है, ताकि आमजन लाभान्वित हो। इस अवसर पर रींगस चिकित्सालय के प्रभारी राम अवतार दायमा, डॉक्टर जितेंद्र यादव , डॉक्टर एस एस महला , डॉक्टर रमेश यादव सहित अन्य चिकित्सक एवं नर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे वहीं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का 28 नवम्बर को सीएचसी खाटूश्यामजी, 29 को सीएचसी पलसाना तथा 30 नवम्बर को सीएचसी खण्डेला में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

न्युवोको विस्टास ने न्युवो सेतु ऐप किया लॉन्च

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने अपने सीमेंट और एमबीएम ग्राहकों के लिए अपने नई इनोवेटिव न्युवो सेतु ऐप को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इस ऐप को खास तौर पर ग्राहकों को पूरी तरह से नया अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रतिष्ठित डीलरों की उपस्थिति में ग्वालियर में पहला पायलट लॉन्च किया गया।

नई ऐप का लॉन्च इवेंट एक शानदार सफलता थी, जिसमें ग्राहकों ने ऐप के माध्यम से लाइव ऑर्डर दिए। न्युवो सेतु ऐप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, जो सभी डिवाइस पर यूज़र्स के लिए सुविधाजनक और आसान एक्सेस सुनिश्चित करता है। न्युवो सेतु ऐप को सभी ऑपरेशंस को बेहतर ढंग से सुव्यवस्थित करके और सुविधा को बढ़ाकर ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने न्युवो सेतु ऐप को लॉन्च करने के मौके पर कहा कि हम अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म न्युवो सेतु ऐप पेश करते हुए उत्साहित हैं।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के तहत सेवा वितरण सप्ताह शुरू

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। चिकित्सा विभाग की परिवार कल्याण सेवाओं में प्रगति तथा उच्च प्रजनन दर को 2.0 प्राप्त करने के बाद अभी भी महिलाएं परिवार नियोजन की जिम्मेदारी प्रमुखता से उठाती है। परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी के तरीकों जैसे पुरूष नसबंदी व कण्डोम के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि पखवाडे के तहत स्वस्थ मॉ, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा स्लोगन पर आधारित गतिविधियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पखवाड़े का द्वितीय चरण को सेवा वितरण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा योग्य दम्पतियों से संपर्क कर उनको पुरूष नसबंदी कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि पखवाडे के तहत चिकित्सा संस्थानों पर पुरूष लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नसबंदी सेवाएं प्रदान के साथ जनसंख्या स्थिरीकरण में पुरूषों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत 21 से 27 नवम्बर तक मोबिलाइजेशन सप्ताह मनाया गया। मोबिलाइजेशन सप्ताह में स्वास्थ्य कर्मियों, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में योग्य दम्पतियों से संपर्क कर उनको पुरूषों की परिवार नियोजन में सहभागिता, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर रखने, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवाओं की उपलब्धता, गर्भवती पश्चात परिवार सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरूवार 28 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पखवाड़े के द्वितीय चरण को सेवा वितरण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए जिले के दो दिसम्बर को एचडीएच फतेहपुर, तीन दिसम्बर को सीएचसी रींगस, चार दिसम्बर को जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ एवं सीएचसी खण्डेला में नसबंदी शिविरों का आयोजन किया।

अधिकारी राजस्व लक्ष्यों को शत् प्रतिशत करें पूरा : कलक्टर

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने बुधवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने आबकारी, यातायात, खनिज, पंजीयन एवं मुद्रांक, वाणिज्य कर विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों में शत् —प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि आबकारी विभाग ने 525.48 लक्ष्यों के विरूद्ध 241.92, यातायात 251.64 के विरूद्ध 136.93, खनिज 59.57 के विरूद्ध 25.01, पंजीयन एवं मुद्रांक 218.37 के विरूद्ध 106.25, वाणिज्य कर 180.21 के विरूद्ध 80.46 ही राजस्व लक्ष्य अर्जित किए है जो काफी कम है। उन्होंने पंजीयन एवं मुद्रांक तथा

यातायात विभाग को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्तियों के लिए विशेष प्रयास करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आबकारी विभाग को बंदोबस्त से शेष रही दुकानों का बंदोबस्त करने, जब्त वाहनों की निलामी के संबंध में प्रभावी कार्यवाही किए जाने, जिले में हरियाणा से आने वाली अवैध शराब पर अंकुश के लिए सघन जांच अभियान चलाये जाने तथा प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को एक बारीय कर के रूप में 160 करोड़ रूपये की वसूली जिसका पंजीयन डीलर द्वारा किया जाता है जमा होगी, वहां के डीलरों को नियमानुसार कर वसूली के लिए पाबंद करना सुनिश्चित करें और आंवटित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बकाया कर वसूली की कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पवर्तन कार्यवाही के द्वारा बकाया कर राजस्व प्राप्ति, लाईसेंस फीस एवं अन्य फीस के रूप में राशि प्राप्ति के विशेष प्रयास किए जाए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने खनिज विभाग को शेष खनन पट्टों की निलामी शीघ्र शुरू किए जाने तथा लगभग 10 हैक्टेयर क्षेत्र का चिन्हिकरण कर विभाग को भिजवाने के साथ ही राजस्व, यातायात, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सप्ताह में 2 बार औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक को निर्देशित किया कि विभागीय लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति के लिए डीएलसी दरों का निर्धारण वर्तमान बाजार भाव को ध्यान में रखते हुए शहरों के आस—पास बस रही अवैध कॉलोनियों का स्थानीय निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक पंजीयन करवाने के साथ उप पंजीयन को वार्षिक व माहवार लक्ष्य आवंटन कर बकाया वसूली प्रकरणों की शत् —प्रतिशत वसूली के लिए एमनेस्टी योजना के अन्तर्गत संबंधित पक्षकारों को प्रेरित कर राजस्व अर्जित करें तथा उप पंजीयन कार्यालय का प्रभावी निरीक्षण कर मुद्रांक की कमी के प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।